बरेली, रविवार
3 अगस्त, 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 16+4+4=24

# दैनिक जागरण






एसआरएमएस में टेबल टेनिस टूर्नामेंट में खेलते खिलाड़ी • सौ. एसआरएमएस

# गाजियाबाद के खिलाड़ियों का टेबल टेनिस में दबदबा

जासं, बरेली : श्रीराम मूर्ति स्मारक कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलोजी के इनडोर स्टेडियम में 12वें श्रीराम मूर्ति मेमोरियल और तृतीय यूपी स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के दूसरे दिन शनिवार को प्रि क्वार्टर और क्वार्टर फाइनल मुकाबले खेले गए, जिसमें गाजियाबाद, आगरा, गौतमबुद्ध नगर और लखनऊ के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

मेंस प्री क्वार्टरफाइनल में लखनऊ के दिव्यांश श्रीवास्तव, आर्यन यादव प्रयागराज, श्रीधर जोशी गौतमबुद्धनगर, अंश सभरवाल सहारनपुर, सत्यम गिरी गुप्ता कानपुर, अद्वित गुप्ता कानपुर, कौशिक छेत्री प्रयागराज और सार्थ मिश्रा गाजियाबाद ने जीत दर्ज की। अंडर-11 होप्स ब्वायज के क्वार्टर फाइनल में आर्यवीर बोरा गौतमबुद्धनगर, प्रणित अग्रवाल लखनऊ, आदविक अग्रवाल गाजियाबाद और दुर्वांक कानपुर ने मुकाबले जीते। अंडर-11 होप्स गर्ल्स क्वार्टर फाइनल में अंशिका गुप्ता प्रयागराज, रियांशी गर्ग इटावा, प्रेक्षा तिवारी कानपुर और इनाया फातिमा आगरा ने जीत हासिल की। अंडर-15 सब-जूनियर ब्वाय क्वार्टर फाइनल में केशव खंडेलवाल आगरा, लक्ष्य कुमार लखनऊ, अर्णव थापा गाजियाबाद और आशुतोष गुप्ता कानपुर ने जीत दर्ज की।